हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 16 .5 डिग्री

न्यूनतम 6 .8 डिग्री



11 कांग्रेस ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा, रेखा दहिया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी




12 समय पर ही होंगे नगर परिषद के चुनाव, हाई कोर्ट में दायर दोनों याचिकाएं खारिज

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 27 जनवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुरावड़ा निवासी जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी बोलेने कार भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 15 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने चांदपुर की ढाणी निवासी सुशीला और उसके बेटे अमित को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को करीब तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद 22 जून 2023 को केस दर्ज किया था। काफी प्रयास करने के बाद भी चोरी के आरोपी का पता नहीं चल सका था। अब पुलिस ने इस मामले में यूपी के खराट निवासी विशाल मोर्य को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जमानत नहीं मिलने के कारण उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।

### पैर फिसलने से गिरा था कंपनी कर्मचारी

**धारूहेड़ा।** गत 26 जनवरी की रात धारूहेड़ा की एमटूके सोसायटी में फ्लैट की पांचवीं मंजिल से गिरकर हुई कर्मचारी की मौत एक हादसा थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि कंपनी कर्मचारी अमित का बालकॉनी की जाली ठीक करते समय पैर फिसल गया था, जिससे उसकी पांचवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान दर्ज करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि अमित की मौत के पीछे सुसाइड जैसा कोई कारण नहीं था। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी जांच के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था।

### मोहन हत्याकांड का आरोपी वारंट पर

**कोसली।** बहाला निवासी मोहन हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। बीते दिनों गुरूग्राम एसटीएफ और धारूहेड़ा सीआईए की संयुक्त टीम ने सोनीपत के पिनाना निवासी जयभगवान उर्फ सोनू महाल को एंकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली लगने के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराया गया था। यह आरोपी बहाली में हुई खाद-बीज विक्रेता मोहन की हत्या में संलिप्त था। कोसली थाना पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ के लिए पांच दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के बाद आरोपी को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### यादव सभा का निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 1 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। कैंप मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी।

---

1 गुरुग्राम-रेवाड़ी एनएच का निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश

# एनएचएआई के अफसरों को मंत्री राव इंद्रजीत की फटकार

■ दो साल देरी से चल रहे निर्माण कार्य पर जताई नाराजगी, पटौदी से केएमपी का हिस्सा 15 फरवरी तक चालू हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रेवाड़ी को वाया पटौदी गुरूग्राम से जोड़ने वाले नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य लगभग 2 साल की देरी से चल रहा है। इसे लेकर वीरवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अधिकारियों को न सिर्फ फटकार लगाई, बल्कि पटौदी को केएमपी से जोड़ने वाले हिस्से का निर्माण 15 फरवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को लोगों के समक्ष आ रही परेशानियों से भी अवगत कराया। नेशनल हाइवे नं. 352-डब्ल्यू का निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले पूरा होना की समय सीमा तय थी, लेकिन निर्माण करने वाली कंपनी इसे अभी तक पूरा नहीं कर पाई है। इस नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गुरूग्राम और रेवाड़ी के बीच आवागमन करने वाले वाहनों को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा। इससे एनएच-48 पर वाहनों का दबाव भी कुछ हद तक कम हो जाएगा। निर्माण कार्य में चल रही देरी से गुरूग्राम, पटौदी व रेवाड़ी एरिया के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर यह नेशनल हाइवे सुचारू रूप से शुरू हो जाता है, तो इससे बड़ी संख्या में वाहन चालकों को महेंद्रगढ़, नारनौल और रेवाड़ी से गुरूग्राम तथा दिल्ली तक आवागमन में आसानी हो जाएगी।



रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री का जानकारी देते हुए एनएचएआई के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### खुद सड़क पर उतरे केंद्रीय मंत्री

वीरवार को महेंद्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने खुद निर्माणाधीन रोड पर जाकर एनएचएआई के अधिकारियों और सड़क निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों से बात की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि रोड निर्माण में देरी के कारण लोगों को कैसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि रोड के पटौदी से केएमपी के हिस्से को 15 फरवरी तक चालू कराया जाए। सड़क व इस पर बनने वाले पुलों का निर्माण भी जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

### जाम के कारण लोगों को परेशानी

राव इंद्रजीत सिंह ने अधिकारियों को बताया कि दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे व्यस्तम मार्ग पर लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है। अगर गुरूग्राम से रेवाड़ी तक निर्माणीधीन नेशनल हाइवे जल्द शुरू होता है, तो इससे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे का विकल्प वाहन चालकों को मिल सकेगा। ट्रैफिक दबाव कम होने के कारण एनएच-48 पर जाम की समस्या भी कम हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को गुरूग्राम और रेवाड़ी के बीच निर्माणाधीन हाइवे के सर्विस रोड को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए।

---

*करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग बनाएगा सीसी रोड*

# धारूहेड़ा चुंगी से बावल चौक तक दो माह में नया बन जाएगा सरकुलर रोड, काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

शहर की लाइफ लाइन सरकुलर रोड पर बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की दूसरी लेन के नव निर्माण के लिए वीरवार से पुरानी जर्जर सड़क तोड़ने कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से जर्जर बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी की एक तरफा लेन का कार्य अप्रैल 2025 में पूरा किया जा चुका है। अब बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की करीब 1.27 किलोमीटर लंबी दूसरी लेन पर करीब 2.50 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग बी एंड आर की ओर से इस सड़क का नवनिर्माण किया जाएगा। विभाग की ओर से इस जर्जर सड़क के नवनिर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है और अब वीरवार से सीसी रोड निर्माण के लिए जर्जर सड़क तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क का निर्माण करीब दो माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

सरकुलर रोड पर लंबे समय से वाहन चालकों को गड्ढों के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जर्जर सड़क के नव निर्माण का कार्य से वाहन चालकों का सफर सुगम बनेगा। पहले चरण में बावल चौक से अंबेडकर चौक होते हुए लियो चौक तक की सड़क को बनाने में 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। अब पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की दूसरी लेन की 7 मीटर चौड़ी और 1.27 किलोमीटर लंबी सड़क का नवनिर्माण सीसी रोड के रूप में किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 2.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

विभाग की ओर से इस जर्जर सड़क के नवनिर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है और अब वीरवार से सीसी रोड निर्माण के लिए जर्जर सड़क तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया




रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर धारूहेड़ा चुंगी से लियो चौक के बीच सड़क तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि




सड़क निर्माण कार्य के दौरान अंबेडकर चौक पर लगा सूचना बोर्ड।

### सड़क निर्माण के दौरान रूट रहेगा डायवर्ट

सीसी रोड के निर्माण के दौरान यातायात को सुचारू रखने के लिए वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। वीरवार को धारूहेड़ा चुंगी की ओर से सड़क की खुदाई का कार्य शुरू किया गया है। धारूहेड़ा चुंगी से लियो चौक से तक के निर्माण के दौरान दिल्ली रोड व नारनौल से बावल चौक की ओर आने वाले ट्रैफिक को नागरिक अस्पताल और रेलवे स्टेशन होते हुए नाईवाली की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अंबेडकर चौक तक के हिस्से का काम शुरू होने पर रास्ता वन-वे रहेगा और लियो चौक व दिल्ली रोड से आने वाले वाहनों को गढ़ी बोलनी रोड से शिव चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा तथा धारूहेड़ा चुंगी से आने वाले ट्रैफिक को कोनसीवास रोड से डायवर्ट कर रास्ता वन-वे किया जाएगा। बावल चौक से अंबेडकर चौक के सड़क निर्माण के दौरान रास्ता वन-वे रहेगा और अंबेडकर चौक से आने वाले वाहनों को शिव चौक होकर महाराणा प्रताप चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

### शहरवासियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा

बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक दूसरी लेन पर सीसी रोड बनाने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। सीसी रोड को अगले दो महीने की समय सीमा में पूरा करने लक्ष्य रखा गया है। सड़क निर्माण के समय शहरवासियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि आवागमन पूरी तरह बाधित न हो सके।

-सत्येंद्र कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।

---

# डूंगरवास में युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

■ शादी से ठीक पहले टूटा रिश्ता मौत को गले लगा गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

डूंगरवास में बुधवार की रात एक करीब 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

गांव निवासी प्रेम बुधवार की रात खाना खाने के बाद छत पर बने कमरे में सो गया था। वीरवार सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो परिजनों ने उसके कमरे में जाकर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। बाद में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस अनुसार प्रेम का रिश्ता तय होने के बाद गत वर्ष 28 नवंबर को शादी तय हुई थी। किन्हीं कारणों से शादी से एक सप्ताह पहले 21 नवंबर को ही उसका रिश्ता टूट गया था। इसके बाद से ही वह तनावग्रस्त हो गया था। ऐसा माना जा रहा है कि मानसिक रूप से परेशान होने के कारण उसने आत्महत्या कर ली।

### पेट्रोल पंप से बाइक व नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

*रेवाड़ी। बीते दिसंबर माह में बोलनी के पेट्रोल पंप से बाइक व नकदी लेकर फरार हुए सेल्समैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। कसोला थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में गढ़ी निवासी ईश्वर सिंह ने बताया था कि वह बोलनी पेट्रोल पंप पर मैनेजर है। उसके पेट्रोल पंप पर यूपी के गौतमबुद्ध नगर की जीतराम कॉलोनी निवासी अमित को 10 दिन पहले सेल्समैन रखा था। 23 दिसंबर 2025 को वह पेट्रोल पंप का 37 हजार रुपये कैश व पंप पर खड़ी नीरज की बाइक लेकर फरार हो गया। काफी तलाश करने के बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।*



*आरोपी अमित कुमार*

---



### छात्राओं को वितरित की साइकिलें

**रेवाड़ी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानि सीएसआर के अंतर्गत शहीद दशरथ गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंड्री स्कूल पीथड़ावास की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय आने-जाने के लिए सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर बैंक के रीजनल मैनेजर राधेश्याम महेला, मैनेजर एचआर अरुण, मुख्य प्रबंधक महेश चंद्र एवं मैनेजर महेश यादव उपस्थित थे। रीजनल मैनेजर राधेश्याम महेला ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं लगन के साथ पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य अजय कुमार, मुख्य अध्यापक कृष्ण कुमार व अंग्रेजी प्रवक्ता बबरुवान सैनी ने बैंक के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

---

*पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी*

# औलांत में हथियार के बल पर चोरी करने के मामले में तीन साल से फरार दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी ने वर्ष 2022 में गांव औलांत के तीन घरों में चोरी करने और पीछा करने पर पंच पर गोली चलाने की वारदात में शामिल तीन साल से फरार चल रहे दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला पलवल के गांव परसा का नांगल हाल किरायेदार गांव फाजिलपुर जिला गुरुग्राम निवासी रविकुमार व जिला फरीदाबाद के गांव अटेरना निवासी नरेश उर्फ टीटू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### 40 हजार की नकदी व अन्य जेवरात चोरी कर ले गए

*गांव औलांत निवासी ओमप्रकाश ने 29 अक्टूबर 2022 को शिकायत में बताया था कि सुबह के समय करीब 3 बजे उन्हें अपने घर के दूसरे कमरों से आवाज सुनाई दी। इसके बाद उनकी आंख खुल गई और उन्होंने देखा कि दो लड़के कमरे में रखे बक्से को चोरी करके ले जा रहे हैं। इस पर उन्होंने शोर मचाया तो उसका बेटा भी उठ गया। इसके बाद उन्होंने चोरों का पीछा किया तो दो और इनके साथी बाहर खड़े हुए थे। जब चारों बक्से को लेकर भागने लगे तो उन्होंने शोर मचा दिया। जब विजय पंच के घर के पास गुजरने लगे तो शोर की वजह से वह भी जाग गए और उन्होंने भी पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने बक्से को साइड में फेंक दिया और पीछा करने के कारण विजय पंच पर फायर कर दिया। इसके बाद आरोपी बक्से में रखे हुए 40 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। आरोपियों ने इससे पहले रविंद्र और महेश कुमार के मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी जिला पलवल के गांव परसा का नांगल हाल आबाद राजस्थान के जिला अलवर के गांव बासनी निवासी लालाराम उर्फ राम व मध्यप्रदेश के जिला मुरैना के पचासा मैदान अम्बाह निवासी राजकुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस जांच में पता चला था की मामले में संलिप्त सभी आरोपियों ने 14 फरवरी 2023 को गांव बासदूदा निवासी अमित कुमार के घर पर भी कुल्हाड़ी और देशी पिस्टल के बल पर लूट का प्रयास किया गया था। इस दौरान आरोपियों ने गोलियां भी चलाई,जिसके बाद वह फरार हो गए थे। मामले सीआईए ने तीन साल से फरार चल रहे दो और वांछित आरोपी रविकुमार व नरेश उर्फ टीटू को भी गिरफ्तार कर लिया है।*

---


## दिन-रात के तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ी, आज भी बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना

# ठंड का प्रकोप जारी, घने कोहरे से यातायात हुआ प्रभावित

■ मौसम से लगभग एक सप्ताह तक ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जनवरी माह के अंत में ठंड पीक पर आ गई है। दिन-रात के तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। कोहरा एक बार फिर यातायात प्रभावित करने लगा है। शुक्रवार को एक बार फिर आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम से लगभग एक सप्ताह तक ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वीरवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। कुछ एरिया में कोहरे की दृश्यता 30 मीटर तक रही, जिससे सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। सुबह लगभग 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली-जयपुर व्यस्त नेशनल हाइवे पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। लाइट जलाकर वाहन चालक एक-दूसरे के पीछे चलते रहे। अन्य मार्गों पर भी वाहनों की रफ्तार धीमी रही। लंबी दूरी की आधा दर्जन ट्रेनों का संचालन भी कोहरे के कारण प्रभावित हुआ, जिससे रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद सूरज की चमक ने कोहरे का असर खत्म हो गया। दोपहर तक लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद तेज धूप निकलने के बावजूद 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली सरद हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाए रखी। दोपहर तक लोग अलाव जलाकर हाथ सेंकते रहे। जिन लोगों को ज्यादा जरूरी कार्य नहीं था, वह घरों में ही दुबके रहने को मजबूर हो गए। बाजार में ग्राहकों की संख्या भी कम हो गई है, जिससे दुकानदार दिन भर खाली बैठे नजर आते हैं।



रेवाड़ी। वीरवार को सुबह छाया कोहरा, ठंड से बचाव करते युवक। फोटो : हरिभूमि

### दिन का तापमान 2.0 डिग्री नीचे आया

वीरवार को अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 16.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी 5.4 डिग्री की कमी के साथ 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 72 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग के अनुसार 30 जनवरी को भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश तक हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि भी इनकार नहीं किया जा रहा है। किसानों को इस समय ओलावृष्टि की चिंता ज्यादा सता रही है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान कोहरा भी वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाएगा। वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 178 पर आ गया।

---

### रोजगार विभाग का व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 2 फरवरी से

**रेवाड़ी।** रोजगार विभाग की ओर से आगामी 2 फरवरी से 6 फरवरी तक जिले में व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा,जिसमें विद्यार्थियों, युवाओं को व्यवसाय से संबंधी जानकारी दी जाएगी। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने बताया कि व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के दौरान विभिन्न स्कूलों, कॉलेज, आईटीआई व बहुतकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों को व्यवसायिक लक्ष्य निर्धारण व विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के बारे में मार्गदर्शन किया जाएगा। कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।



वनस्पति जगत / शिखर चंद जैन

# अजब-अनोखे मनभावन फूल

रंग-बिरंगे मनमोहक फूल किसे नहीं भाते! इन फूलों की अगर अपनी कोई ऐसी खूबी हो, जो बहुत अनोखी हो तो इनका आकर्षण और बढ़ जाता है। जानो, ऐसे ही कुछ अजब-अनोखे फूलों के बारे में कि ये किस कारण अनोखे हैं और ये कहां पाए जाते हैं?

बच्चो, फूल अपनी खूबसूरती और सुगंध के लिए तो जाने जाते ही हैं, इसके अतिरिक्त दुनिया में कई ऐसे फूल हैं, जो बहुत अजब-गजब हैं, जो भी इन्हें देखता है, आश्चर्यचकित रह जाता है। यहां हम बता रहे हैं, ऐसे ही कुछ अनोखे फूलों के बारे में।

**मंकी ऑर्किड:** नाम के मुताबिक ही इसकी पंखुड़ियों की बनावट बिल्कुल बंदर के चेहरे जैसी होती है। यह फूल मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के देश इक्वेडोर और पेरू के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है। इस फूल में से पके हुए संतरे जैसी खुशबू आती है।



**ब्लीडिंग हार्ट:** यह फूल गहरे गुलाबी और सफेद रंग का होता है। इसका आकार दिल जैसा होता है, जिसके नीचे से एक बूंद टपकती हुई दिखाई देती है। यह ब्लीडिंग हार्ट जैसा ही दिखता है। यह फूल साइबेरिया, चीन और जापान में पाया जाता है।



**हुकर्स लिप:** यह फूल किसी महिला के होंठों पर लगी लिपस्टिक जैसा दिखता है। मध्य और दक्षिण अमेरिका के वर्षा वनों में पाया जाने वाला यह पौधा, फूलो जैसे दिखने वाले अपने चटक लाल रंग के ब्रैक्ट्स (पत्तियों का एक रूप) के लिए मशहूर है।



**स्वैडल्ड बेबीज ऑर्किड:** इस मोहक फूल की बनावट ऐसी होती है जैसे कपड़े में लिपटा हुआ कोई नन्हा बच्चा सो रहा हो। यह फूल मूल रूप से कोलंबियाई देश के एंडीज पर्वत श्रृंखला के वनों में पाया जाता है।

**नेकेड मैन ऑर्किड:** भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाया जाने वाला यह फूल अपनी विचित्र आकृति के लिए प्रसिद्ध है। इसके छोटे-छोटे फूल बिना कपड़ों वाले इंसान की आकृति जैसे दिखते हैं।

**फ्लाइंग डक ऑर्किड:** ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला यह छोटा-सा ऑर्किड उड़ते हुए बत्तख जैसा दिखता है। यह आकार असल में कीड़ों को परागण के लिए आकर्षित करने के लिए होता है।

**डांसिंग गर्ल्स:** पूर्वी अफ्रीका के वर्षा वनों में पाए जाने वाले ये दुर्लभ फूल, सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। इनकी बनावट ऐसी होती है, जैसे कोई लड़की डांस कर रही हो।

**पैरट फ्लावर:** थाईलैंड और म्यांमार में पाया जाने वाला यह फूल एक उड़ते हुए तोते जैसा दिखता है। इसे दुर्लभ श्रेणी में रखा गया है। इस फूल का देश से बाहर निर्यात प्रतिबंधित है।

**बर्ड ऑफ पैराडाइज:** यह फूल उड़ते हुए रंग-बिरंगे पक्षी जैसा दिखता है। इसके चटक नारंगी और नीले रंग इसे बेहद मनमोहक बनाते हैं। *

## खास समय में खिलने वाले फूल

बच्चो, कुछ फूल ऐसे होते हैं, जो किसी खास समय में ही खिलते हैं। इन फूलों में भी कई विशेषताएं पाई जाती हैं।

**मॉर्निंग ग्लोरी:** यह एक खूबसूरत बेल वाला पौधा है, जो अपने तुरही के आकार के फूलों के लिए जाना जाता है। ये फूल सुबह सूरज उगने पर खिलते हैं। ये बैंगनी, नीले, गुलाबी, लाल और सफेद रंगों के होते हैं।



**चांदनी रात में खिलने वाले फूल:** कुछ फूल, जैसे 'मून फ्लावर' दिन में बंद रहते हैं और रात में चांद की रोशनी में खिलते हैं, जो रात के समय एक अनोखा नजारा पेश करते हैं। रात में खिलने वाले ये फूल न केवल सुंदर होते हैं, बल्कि उनकी खुशबू भी बहुत मनमोहक होती है।

**रात की रानी:** नाइट ब्लूमिंग जैस्मिन यानी रात की रानी अपने छोटे सफेद फूलों और भीनी-भीनी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इसे पारिजात या हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इसके सफेद फूल और नारंगी डंठल होते हैं। यह रात में खिलता है और सुबह होने पर खुद-ब-खुद जमीन पर गिर जाता है।



**रजनीगंधा:** इसके लंबे डंठल पर सफेद फूल खिलते हैं, जिनकी खुशबू रात में और भी बढ़ जाती है।

**फोर ओ क्लॉक फ्लावर:** यह फूल अक्सर शाम को 4 बजे खिलते हैं और रात भर खिले रहते हैं। इसे गुल अब्बास का पौधा या मीराबिलिस जालपा कहा जाता है। इसे कृष्णकली, संध्याकली, संजमल्लिगे, अंधीमल्लिगाई और लंकाफूल भी कहा जाता है।

**ईवनिंग प्रिमरोज:** इसके पीले फूल शाम के समय खिलते हैं और अपनी मीठी महक बिखेरते हैं।

**ब्रह्म कमल:** इस फूल को 'हिमालय का सम्राट' कहा जाता है। यह साल में केवल एक बार रात में खिलता है और सुबह होते ही बंद हो जाता है।



# सफेद-घने फर वाला पोलर बियर

पोलर बियर यानी ध्रुवीय भालू, एक बेहद क्यूट-सा दिखने वाला जंतु है। लेकिन यह जितना क्यूट दिखता है, उतना ही खतरनाक भी है। जानो, आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले पोलर बियर के बारे में कुछ और बातें।

जंतु जगत
रेखा शाह आरबी

बच्चो, कोई भी जब पोलर बियर को देखेगा तो इसकी सुंदरता और क्यूटनेस देखकर मोहित हो जाएगा। देखने में इतना मासूम लगता है कि आभास ही नहीं होता कि यह एनिमल एक खतरनाक शिकारी भी है। पोलर बियर, आर्कटिक क्षेत्र का सबसे बड़ा मांसाहारी शिकारी जंतु कहा जाता है।

**शारीरिक विशेषताएं:** पोलर बियर का फर सफेद रंग का होता है। लेकिन उसकी स्किन काली होती है। बहुत घने फर के कारण यह पूरा सफेद दिखाई देता है। इसका वजन 300 से 700 किलोग्राम तक हो सकता है। लंबाई की बात करें, तो एक वयस्क पोलर बियर की लंबाई 8 से 10 फीट तक होती है। इसका खूबसूरत फर वास्तव में पारदर्शी और खोखला होता है। जिससे धूप की रोशनी नीचे काली त्वचा तक पहुंचती है, जो गर्मी सोख लेती है। फर की मोटी परत और त्वचा के नीचे फैट (वसा) की मोटी परत इसे ठंड से बचाती है। पोलर बियर के पैर बड़े, चौड़े और खुरदुरे होते हैं, जो इसे बर्फ पर चलने में सहायक होते हैं, फिसलने से बचाते भी हैं। पोलर बियर एक बेहतरीन तैराक भी होता है।



**आवास व आहार:** आर्कटिक महासागर और उसके आस-पास के समुद्री बर्फ वाले क्षेत्र, पोलर बियर के मुख्य निवास स्थान हैं। कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का (अमेरिका), स्वालबार्ड (नॉर्वे) जैसी बर्फीली जगहों पर यह मुख्य रूप से पाया जाता है, क्योंकि इसका भोजन वहीं पर मिलता है। यह सील का शिकार करता है। आहार में मुख्य रूप से यह सील ही खाता है। हालांकि यह अन्य स्तनधारी जंतुओं का भी शिकार करता है।

**माहिर शिकारी:** पोलर बियर एक माहिर शिकारी होता है। यह घात लगाकर शिकार करता है। दरअसल, बर्फ के नीचे रहने वाली सील सांस लेने के लिए, बर्फ में छेद बनाकर रहती है। वहीं पर यह घात लगाकर बैठा रहता है। सील सांस लेने के लिए जैसे ही बाहर आती है, यह उसका शिकार कर लेता है। *

### जरूरी है पोलर बियर का संरक्षण

आर्कटिक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए पोलर बियर बहुत ही जरूरी प्राणी है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण पोलर बियर विलुप्तप्राय हो रहे हैं। आईयूसीएन ने पोलर बियर के लिए ग्लोबल वार्मिंग को सबसे बड़े खतरे के रूप में सूचीबद्ध किया है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, इसलिए पोलर बियर के आवास और शिकार (सील) नष्ट हो रहे हैं। इसकी आबादी घट रही है और यह इंसानी बस्तियों के करीब आ रहा है। इस कारण पोलर बियर और इंसानों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। प्रकृति और जलवायु संतुलन के लिए पोलर बियर का संरक्षण बहुत जरूरी है।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# मजेदार किस्सों का पिटारा

बच्चो, जब तुम जाने-माने लेखक स्वयं प्रकाश की लिखी किताब 'सप्पू के दोस्त' पढ़ोगे तो कभी तुम्हें लगेगा कि सप्पू तो खुद लेखक है, फिर दूसरे ही क्षण लगेगा कि सप्पू तुम स्वयं हो या फिर लगेगा सप्पू तुम्हारा दोस्त है। इस किताब में तुम्हें सप्पू के 11 किस्से पढ़ने को मिलेंगे। हर किस्से में तुम सप्पू के साथ जगह-जगह का मजा लोगे। कभी रेल के डिब्बे में होगे, कभी स्कूल के मैदान में तो कभी रास्ते में किसी मजमे वाले के पास रुककर तमाशा देखोगे। कुछ किस्सों के तो शीर्षक भी एक-एक शब्द के हैं, जैसे- 'इम्मी', 'सबक', 'अमरूद', 'कुली', 'गणेशीलाल'। मजे की बात यह है इन किस्सों में स्वयं सप्पू हीरो नहीं है। हीरो कभी कुली है तो कभी गणेशीलाल या कोई और। बहुत ही निराली है सप्पू की बचपन की दुनिया। बच्चो, एक बार किताब को हाथ में लोगे तो पूरी किताब पढ़कर ही तुम्हें चैन मिलेगा। फिर तुम इस किताब को दोस्तों को भी पढ़ाओगे, ताकि तुम सप्पू के किस्सों पर चर्चा कर सको। किताब के चित्र भी सप्पू के किस्सों की तरह बहुत मजेदार हैं, हंसाते हैं, गुदगुदाते हैं। *



**किताब:** सप्पू के दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** स्वयं प्रकाश
**मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** जुगनू प्रकाशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिंकी:** आंखों के भाई को हम किस नाम से बुलाते हैं?
**पिंकी:** पता नहीं, तुम्हीं बता दो।
**रिंकी:** आई-ब्रो।
-हर्षिता, रायपुर

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो डॉक्टर अंकल, मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

**पापा:** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू:** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा:** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू:** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

## जीके क्विज-190

1. हाल ही में किस भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की है?
2. भारत के 92वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले शतरंज खिलाड़ी कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
4. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
5. हाल में ही वायु सेना के किस अफसर को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया?
6. पूर्व न्यायाधीश के टी थॉमस को हाल ही में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
7. विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है?
8. कौन-सा विटामिन बोंस को मजबूत बनाने में सहायक होता है?
9. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
10. माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?



बच्चो, जीके क्विज-190 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-189 का उत्तर :** 1.उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा, 2. 77वां, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.15 जनवरी, 5.गुजरात, 6.1950 ई., 7. बी.आर. अंबेडकर, 8.6 (छह), 9.डॉ. राजेंद्र प्रसाद, 10.बंकिम चंद्र चटर्जी


**जीके क्विज-189 का सही उत्तर देने वाले :** भूमेश-महासमुंद, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, तान्या-दुर्ग, कोमल-हिसार, संचित-रायपुर, अमन-बिलासपुर, सौम्या-बलौदा बाजार, कल्पेश-मटियारी, पवन-दुर्ग



कहानी
गोविंद शर्मा

क्या कोई बंदर पढ़ाई में मन ना लगाने वाले किसी बच्चे को ऐसा सुधार सकता है कि वह बच्चा पढ़ाकू बन जाए? ऐसी अनहोनी दादा जी के साथ उनके बचपन में हुई थी। दादा जी को एक बंदर ने कैसे सुधारा? पढ़ो, एक मजेदार कहानी।

# बंदर जी ने सुधारा!



एक दिन बच्चों ने दादा जी को घेर लिया। बच्चे अकसर ही दादा जी का घेराव अच्छी-अच्छी, प्यारी-प्यारी बातें करने लिए करते रहते हैं। एक बच्चे ने पूछा, 'दादा जी, आप कितनी ही भाषाएं हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, संस्कृत पढ़ना-लिखना जानते हैं! आप तो कहते हैं कि सिर्फ स्कूल में पढ़े हैं। कभी कॉलेज में पढ़ने नहीं गए। आपको ज्यादा से ज्यादा पढ़ना किसने सिखाया?

'एक बंदर जी ने।' दादा जी तुरंत बोले।

बच्चे चौंके, 'बंदर ने! दादा जी, यह क्या कह रहे हैं? आप अपने अध्यापक जी को बंदर जी कह रहे हैं?'

'नहीं-नहीं, मैं तो एक बंदर जी को अध्यापक जी कह रहा हूं।' यह कहकर दादा जी मुस्कुराए।

'आप कह क्या रहे हैं दादा जी? बंदरों को तो मदारी लोग यानी आदमी सिखाते हैं। आप किसी बंदर से कैसे सीखे?' बच्चे दादा जी की बात समझ नहीं पा रहे थे।

'सच कहूं या झूठ?' दादा जी हंसते हुए बोले।

'दादा जी, आप क्या झूठ बोलना भी जानते हैं? हमें तो सदा ही सच बोलना सिखाते हैं।' बच्चे बोले।

दादा जी गंभीर हो गए, बोले, 'चलो, मैं अपनी एक सच्ची कहानी सुनाता हूं। जब मैं स्कूल में था, मेरी रुचि पढ़ने में बहुत कम थी। घर के लोग और स्कूल के कुछ अध्यापक इस कोशिश में रहते थे कि पढ़ने में और स्कूल में टिके रहने में मेरी रुचि बढ़े।'

'यह स्कूल में 'टिके रहना' क्या होता है?' बीच में एक बच्चा बोला।

'टिके रहना भी होता है। मुझे जब भी मौका मिलता, क्लास छोड़कर स्कूल से भाग जाता। इधर-उधर घूमता और छुट्टी होने के समय घर आ जाता।' दादा जी ने बताया।

'क्या आप स्कूल बैग के साथ स्कूल से बाहर आ जाते थे?' एक बच्चे ने सवाल किया।

'अरे नहीं, स्कूल बैग क्लास में छोड़ आता था। छुट्टी होने पर कोई दोस्त वह बैग बाहर लाकर मुझे दे देता। हम स्कूल बैग को बस्ता कहते थे। मेरी तरह स्कूल के कुछ और बच्चे भी ऐसा करते थे। हम स्कूल के मुख्य द्वार से बाहर नहीं जाते थे। क्योंकि ऐसा करने पर हेड मास्टर जी या कोई और मास्टर जी देख सकते थे। इसलिए हम स्कूल की पिछली दीवार लांघकर बाहर जाते थे यानी बंक मारते थे।' दादा जी एक पल रुके, फिर आगे बोले, 'एक दिन गजब हो गया। जैसे ही मैं दीवार से दूसरी तरफ कूद कर खड़ा हुआ, एक बंदर पता नहीं कहां से आ गया। उस समय हमारे स्कूल के आस-पास बंदर नहीं होते थे। मैं उस बंदर को देखता रहा और वह मुझे देखता रहा। मैं जाने लगा तो वह 'खों खों' करता मेरी तरफ बढ़ा। मैं डर गया। मैं कभी इधर तो कभी उधर भागने लगा। बंदर ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। मैं किसी तरह वापस दीवार पर चढ़कर स्कूल की बाउंड्री में कूद गया। कुछ और बच्चों को भी उस बंदर ने स्कूल से यूं भागने से रोका। मैंने एक-दो दिन बाद फिर कोशिश की। पर हर बार वह बंदर मुझे तैयार मिलता। स्कूल से मुझे भागने नहीं देता। उसके डर से मैं स्कूल के समय में स्कूल में ही रहने लगा। अपनी कक्षा में बैठने लगा। पढ़ाई में रुचि लेने लगा। मुझे पढ़ने में भी मजा आने लगा। एक दिन तो गजब हो गया। मुझे अपने गणित के अध्यापक जी के मुंह से थैंक यू सुनने को मिला। अध्यापक जी बोले, 'पहले मुझे लगता था कि तुम इस कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम खराब कर दोगे। लेकिन अब लगता है, तुम्हारी गणित में रुचि लेने से परिणाम ज्यादा अच्छा रहेगा, थैंक यू!' बच्चो, शायद तुम समझ गए होगे कि उस समय मुझे कितनी ज्यादा खुशी हुई होगी, क्योंकि अध्यापक जी से थैंक यू कभी-कभी ही मिलता है। मैं तुम लोगों से यही कहना चाहूंगा कि किसी भी जानवर को कभी कम नहीं समझना चाहिए।'

'बिल्कुल दादा जी, हम यह समझ गए कि आप किसी अध्यापक को बंदर जी नहीं कह रहे हैं बल्कि बंदर को ही बंदर जी कह रहे हैं। कहना भी चाहिए, क्योंकि आपको और आप जैसे दूसरे बच्चों को सुधारने में जहां अध्यापक जी सफल नहीं हुए, वहां एक बंदर जी सफल हो गए। लेकिन हम तो आपसे ही बहुत कुछ सीख रहे हैं, इसलिए आपको ही कहेंगे थैंक यू!'

इसके बाद तो कुछ देर तक बच्चे हंसते रहे। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## बिना पंख उड़ता है मन

बहुत तेज चलता है मन।
मनचाहा करता है मन।।
गहरी नदियों में जाता,
हीरे-मोती ले आता,
ऊंचे-ऊंचे शिखरों पर
बिन पैरों चढ़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
उड़न खटोला ले आता,
दूर देश तक ले जाता,
स्वर्गलोक की परियों से
पल भर में मिलता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
रॉकेट जैसा खूब उड़े,
सूर्य चंद्र से बात करे,
नील गगन में सन-सन-सन
बिना पंख उड़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
किले हवाई बड़े-बड़े,
पल में जीते बिना लड़े,
महल खयाली कितने ही
क्षण भर में रचता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
सागर में गोता खाता,
पनडुब्बी-सा बन जाता,
खतरनाक शेरों को भी
काबू में करता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक एंग्री बर्ड के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।






उत्तर: 1.एंग्री बर्ड की टेल का एक फर ब्लू है। 2.एंग्री बर्ड के पीछे पेड़ में कोटर नहीं है। 3.ऊपर पेड़ की तीन पत्तियां कम हैं। 4.एंग्री बर्ड के बाएं पैर में एक अंगुली कम है। 5.एंग्री बर्ड के आगे स्नेल का डायरेक्शन बदला हुआ है।

## सही रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में दिख रहे मंकी को स्टार ट्वॉय चाहिए। लेकिन स्टार जिस जगह रखा हुआ है, वहां तक पहुंचने का रास्ता टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम मंकी को स्टार तक पहुंचने का रास्ता तो बताओ जरा।





# श्रीराम कथा में संतों के दर्शन से जनता हुई अभिभूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जोरासी धाम श्रीश्याम मंदिर परिसर में आयोजित 151 कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के छठे दिन वीरवार को भी कथा स्थल पर भव्य संत समागम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत आर्यवर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया ने परिवार सहित जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का विधिवत पूजन कर की। मंच पर मौजूद बड़े संतों सहित किन्नर समाज के लोगों ने भी जगद्गुरु रामभद्राचार्य का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

कथा की शुरुआत से पहले जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कथा से पहले कहा कि आज जया एकादशी है, जो आज की कथा सुन लेगा वह कभी पराजित नहीं होगा। वही रामभद्राचार्य ने सीताराम जय सीताराम के कीर्तन की महिमा का बखान करते हुए कहा कि यह इतना सुंदर कीर्तन है कि इसको गाने से दिल की समस्या कभी नहीं होगी, क्योंकि वह खुद इसके जीते जागते उदाहरण हैं। श्रीराम कथा में देशभर से आए प्रसिद्ध संतों की मौजूदगी को देखकर स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि एक माघ मेला प्रयागराज में चल रहा है, तो वही यहां का नजारा देखकर लगता है कि दूसरा मेला जोरासी धाम में लग रहा है।


नारनौल। कथा सुनाते जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य। फोटो: हरिभूमि

### आशीर्वाद लेने पहुंचे कई दिग्गज नेता

हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फणेंद्रनाथ शर्मा, विराट नगर कोटपूतली से पूर्व विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर, कोटपूतली से विधायक महेश सोढ़ा, नलवा से विधायक रणधीर पनिहार, विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, दादरी से भाजपा नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष किरन कलकल समेत कई भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने भी आशीर्वाद लिया।

### जोरासी में लगा संतों का समागम

कथा के छठे दिन मंच पर देश के विख्यात संत महात्माओं की मौजूदगी देखने को मिली। इनमें विनीत पिलानिया के गुरु पश्चिम पीठाधीश्वर शेष मठ सिंगडा कौशलेंद्र मठ पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी, वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज जौधपुर, महामंडलेश्वर हरिचेतन दास, अयोध्या धाम से जगद्गुरु स्वामी वल्लभाचार्य, दिल्ली से महामंडलेश्वर स्वामी नवल किशोर दास, हरिद्वार से महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु दास, महामंडलेश्वर स्वामी हठयोगी महाराज, महंत प्रेमदास महाराज, वृंदावन धाम से श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर गोपी कृष्ण दास महाराज, महामंडलेश्वर जगदीश आनंद जोधपुर, महामंडलेश्वर चंद्रमादास, महामंडलेश्वर फूल डोड़ महाराज, महामंडलेश्वर प्रेमदास महाराज रामानंद आश्रम, महामंडलेश्वर विष्णु दास महाराज समेत कई बड़े संतों की मौजूदगी देखने को मिली।

### 6 साल के बाल ब्रह्मचारी रहे आकर्षण का केंद्र

गोवर्धन धाम से जोरासी पहुंचे छह साल के बालब्रह्मचारी संत भगवत दास श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालुगण छह साल के छोटे चंचल बाल ब्रह्मचारी के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आए।

## खबर संक्षेप

### जिलाधीश ने चाइनीज मांझा पर लगाया प्रतिबंध

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महेंद्रगढ़ जिले में सिंथेटिक और खतरनाक पतंग उड़ाने वाले धागे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि पतंगबाजी के दौरान नायलॉन, प्लास्टिक या कांच और धातु की कोटिंग वाले धागे के उपयोग से इंसानों और पक्षियों को गंभीर चोटें लग रही हैं।

### 12 को हड़ताल में शामिल होंगे यूनियन कार्यकर्ता

**नारनौल।** श्रमिक विरोधी 4 लेबर कोड्स लागू करने के विरोध में देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों के बुलावे पर नौ जनवरी को पारित प्रस्ताव के निर्णय अनुसार 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है, जिसमें एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस संबंध में भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी सहित सभी यूनियन बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।

### स्कूल में कराया शौचालय का निर्माण

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोस्वामी मार्केट की ओर से बैंक की सीएसआर योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की सुविधा हेतु दो लाख रुपये की लागत से शौचालय का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 100 सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शाखा मुख्य प्रबंधक रामनिवास नाहरवाल, मुख्य प्रबंधक जगलाल हरजीत सिंह, सीनियर असिस्टेंट रवि कुमार तथा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक एचआर अरुण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अनुशासन का नाम ही भाजपाः रामबिलास शर्मा

**महेंद्रगढ़।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने दक्षिण हरियाणा के नेताओं के बीच चल रही जुबानी जंग को लेकर उठ रहे सवालों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, जहां हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि नेताओं के अलग-अलग विचारों को गुटबाजी या फूट समझना गलत है, क्योंकि यह 'वन मैन शो' नहीं, बल्कि एक जीवंत लोकतंत्र है। जहां मर्यादा में रहकर असहमति दर्ज करना अनुशासनहीनता नहीं कहलाती। शर्मा का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब 2024 के चुनाव में उनका टिकट कटने से उनके समर्थकों में भारी मायूसी देखी जा रही है।

### आपसी अविश्वास और टकराव बढ़ने की आंशका

# यूजीसी एक्ट के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा

**छात्रों और शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़, जांच टीम में कम से कम दो सामान्य वर्ग के भी सदस्य हों**

यूजीसी कानून शिक्षा में समाज को जाति, वर्ग एवं समुदायों में बांटने का कार्य कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली मंडी में वीरवार को यूजीसी एक्ट 2026 के विरोध में तहसीलदार कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हम देश के जागरूक नागरिक, शिक्षक, छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता यह ज्ञापन प्रस्तुत कर रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा हाल ही में लाए गए नए नियम कानून देश की शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक समरसता एवं संविधान की मूल भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं। यह यूजीसी कानून शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के स्थान पर समाज को जाति, वर्ग एवं समुदायों में बांटने का कार्य कर रहा है। इसमें स्वर्ण समाज, दलित, ओबीसी एवं आदिवासी समाज के बीच आपसी अविश्वास और टकराव बढ़ने की आंशका है। जब देश को सामाजिक एकता और समरसता की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब ऐसे नियम समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। यह कानून न केवल छात्रों और शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, जिसमें समानता का अधिकार, अनुच्छेद 15 जिसमें भेदभाव निषेध और अनुच्छेद 21, जिसमें सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार की भावना को भी ठेस पहुंचाता है। पहले से लागू विभिन्न कानूनों एवं व्यवस्थाओं के होते हुए इस नए कानून की आवश्यकता और मंशा पर गंभीर प्रश्न खड़े होते है। ज्ञापन में मांग की कि यूजीसी द्वारा लाए गए इस काले कानून एवं नियम को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। शिक्षा में जुड़े किसी भी नए कानून को लागू करने से पूर्व सभी वर्गों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक संगठनों से आपक विचार–विमर्श किया जाए। उच्च शिक्षा व्यवस्था की सामाजिक न्याय, समानता और समरसता के मूल सिद्धांतों के अनुरूप सुरक्षित किया जाए। अगर शिकायत फर्जी पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की जाए। जांच के लिए जो टीम गठित होगी, उसमें कम से कम दो सामान्य वर्ग के भी सदस्य हो।


मंडी अटेली। अटेली तहसीलदार कार्यालय में विरोध करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### कोई भी कानून समावेशी होना चाहिए

सामान्य वर्ग के लोगों के साथ कोई जातिसूचक और शोषण हो तो उसके लिए भी सजा का प्रावधान हो। कोई भी कानून समावेशी होना चाहिए। किसी के खिलाफ पक्षपातपूर्ण नहीं होने चाहिए। इस मौके पर सुमेर सिंह, वीरसिंह, विनोद कुमार, अनिल, जॉनी, नरेंद्र, दीपक कुमार, अमन कुमार, समीर, प्रदीप, सुरेंद्र, जयसिंह, आनंद व निरंजन सिंह के अलावा अन्य मौजूद रहे।


नारनौल। यूजीसी नियमों में बदलाव के लिए ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

## यूजीसी नियम में बदलाव और पुनर्विचार के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सर्व समाज एवं अधिवक्ताओं की ओर से श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ के तत्वाधान में सभा के अध्यक्ष अनिल बवानिया एडवोकेट की अध्यक्षता में नगराधीश डॉ. मंगल सेन को एक ज्ञापन सौंपा गया। यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए नियमों में बदलाव करने व उन पर पुनर्विचार करने हेतु यह ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित है। अधिवक्ता अनिल बवानिया ने कहा कि इन नियमों के वर्तमान स्वरूप लागू होने से उच्चत्तम शिक्षण संस्थानों में चयन एवं नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत अनुच्छेद 14, 15 व 16 में निहित समान अवसर के सिद्धांतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षा से संबंधित प्रस्तावित नियमों व संशोधनों से ब्राह्मणों एवं सवर्ण समाज के शैक्षिक, बौद्धिक एवं मेरिट आधारित अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सभा के पूर्व जिला प्रधान पवन शुक्ला, सूबेदार रोहताश शर्मा, महेंद्र जोशी, देवीलाल शर्मा, श्याम सुंदर गोस्वामी, बनवारी लाल शर्मा, रविदत्त शर्मा, मुकुल शर्मा, बलजीत सिंह चौहान, विकास शर्मा, अखिलेश कौशिक, कुलदीप भारद्वाज, दीपेंद्र गौड़, महेश दीक्षित, प्रवीण शर्मा, कमल शर्मा, रविकांत शर्मा, कृष्ण शर्मा व हितेश शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। परिवादों की सुनवाई करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

### शिकायतों के निपटारे में तत्परता से काम करें अधिकारीः डीसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार वीरवार को महेंद्रगढ़ लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय कोर्ट रूम में डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर नागरिक की शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और उसका निवारण पारदर्शी, संवेदनशील तथा समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस शिविर में कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अनेक शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया और शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर उनके निस्तारण के लिए स्पष्ट समय सीमा तय की गई। इस दौरान कोथल खुर्द गांव के लोग गांव के जोहड़ के ओवर फ्लो होने के कारण जल भराव की समस्या लेकर पहुंचे जिस पर डीसी ने खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## सीजेएम ने विधवा सेल के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला विधिक, सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) नीलम कुमारी ने वीरवार अपने कार्यालय में विधवा सेल के संबंध में अधिकारियों की बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम नीलम कुमारी ने बैठक में विधवा महिलाओं को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं और उनके अधिकर समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही पेंशन, ऋण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं को मिले, यह सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। सीजेएम नीलम कुमारी ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि पेंशन फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित महिलाओं को फोन के माध्यम से सुचित कर कमियों को दूर करवाया जाए।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो: हरिभूमि

## कांग्रेस ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा

### रेखा दहिया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी



- सभी वर्गों को दिया गया कार्यकारिणी में स्थान, एक महिला के साथ बनाए चार उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की ओर से वीरवार को ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रेखा दहिया को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी में सभी वर्ग के लोगों को स्थान दिया गया है।

एआईसीसी के प्रदेश मुख्यालय की ओर जारी सूची के अनुसार अशोक यादव, गजराज सिंह व पूर्णसिंह को भी जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदीप यादव को संगठन का महासचिव बनाया गया है, जबकि ब्रह्मदत्त को खजांची का पद दिया गया है। पूर्व सरपंच अनिल यादव, ईश्वर महलावत, जवान सिंह, मनोज यादव, विनय कमल, महेंद्र सिंह पूर्व सरपंच, प्रताप सिंह पूर्व सरपंच व चरण सिंह गुर्जर को महासचिव बनाया गया है। इसके साथ पूर्व सरपंच लक्खी, विक्रम यादव, राजबाला पप्पू सिंह, रामकिशन, प्रेमलता, रंजीत यादव, सरिता शेखावत, मनीषा यादव, विक्रम बोहरा, विकास सरपंच, अमित गोयल, विजय शर्मा, सज्जन यादव, संदीप कसाना व कृष्ण कुमार को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में महिलाओं से लेकर विभिन्न समाज से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी गई है। राव नरेंद्र सिंह ने सूची जारी करने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि यह पदाधिकारी पार्टी संगठन को मजबूत करने दिशा में कार्य करेंगे।

### ईमानदारी से निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रेखा दहिया ने अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी व प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगी। पार्टी संगठन को जिला स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए ग्राउंड लेवल पर कार्य किया जाएगा। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों के हितों की रक्षा के कृतसंकल्प है। आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की दिशा में काम किया जाएगा।

### विश्वविद्यालय में डिजिटल मुद्रा एवं हरित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता प्रो. रंजन अनेजा द्वारा संपादित पुस्तक 'डिजिटल करंसीज एंड द ग्रीन इकोनोमीः अपोर्च्यूनिटीज एंड चेलेंजेज इन एचिविंग सस्टेनेबल डेपलपमेंट गोल्स' का विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. सुरेंद्र कुमार, उप-कुलसचिव राधेश्याम सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रो. रंजन अनेजा को इस अकादमिक एवं नीति-प्रासंगिक कृति के संपादन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक ऐसे समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जब वित्तीय डिजिटलकरण और सतत विकास की आवश्यकताए वैश्विक आर्थिक शासन को नया स्वरूप दे रही हैं। कुलपति ने कहा कि यह पुस्तक डिजिटल मुद्राओं पर पारंपरिक चर्चाओं से आगे बढ़कर उन्हें पर्यावरणीय स्थिरता, समावेशी विकास और वैश्विक विकास लक्ष्यों के व्यापक संदर्भ में प्रस्तुत करती है। ऐसे शोधपरक प्रकाशन विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय अकादमिक प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करते हैं।

## पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के दिशा-निर्देशन में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र द्वारा पाली गांव में महिला पशुपालकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम पशु ज्ञान दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पशुपालन न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम भी है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को डायल 112 ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की भी जानकारी दी। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ. देवेन्द्र सिंह व डॉ. ज्योति सूंठवाल द्वारा किया गया। डॉ. ज्योति शूंठवाल ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा की देश की उन्नति में महिला पशुपालकों का अहम योगदान है, शिक्षित युवाओं और महिलाओं को वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षण लेकर इस व्यवसाय को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक ने कहा की प्रशिक्षित महिलाएँ पशुपालन को आगे ले जा सकती हैं।


महेंद्रगढ़। पशुपालक महिला को सम्मानित करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो: हरिभूमि

**कार्यक्रम** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत का 57वां अधिवेशन अंबाला में सम्पन्न

## एबीवीपी की स्टेट कार्यकारिणी में महेंद्रगढ़ से 6 प्रतिनिधियों को मिला दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत का 57वां अधिवेशन अंबाला में सम्पन्न हुआ। इस संदर्भ में एबीवीपी के जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने इस मौके पर हरियाणा प्रांत की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिमसें जिला महेंद्रगढ़ से छह प्रतिनिधियों को स्टेट कार्यकारिणी में दायित्व मिला है। इनमें एबीवीपी हरियाणा प्रान्त उपाध्यक्ष डा. विनय कुमार, प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ. इंदु ठाकुर, एबीवीपी हरियाणा प्रान्त कार्यसमिति सदस्य डॉ. जगजीत जाखड़, एबीवीपी हरियाणा कार्य प्रमुख केन्द्रीय विश्वविद्यालय डॉ. रवि पांडे, स्कूली विद्यार्थी कार्य प्रान्त संयोजक कमल रोहिल्ला एवं प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सचिन कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में विशेष रूप से पूर्व एचएसएससी चेयरमैन गोपाल सिंह खदरी, प्रसिद्ध रेसलर शेखी सिंह तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री आदित्य टाकियार उपस्थिति रहे। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में आयोजित मुख्य उद्घाटन सत्र में प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौत्तम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवदत्त जोशी विशेष अतिथि रहे तथा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित दीपक हुड्डा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अधिवेशन के दौरान संगठनात्मक सत्र में हरियाणा प्रान्त अध्यक्ष के रूप में सुशील मेहता एवं प्रान्त मंत्री के रूप में प्रताप राणा जी की घोषणा की गई। इसके साथ ही परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण, छात्र हितों तथा छात्रसंघ चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।



नारनौल। अधिवेश में मंचासीन एबीवीपी के पदाधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

### 'ॐ' की ध्वनि के साथ प्रस्ताव पारित

अधिवेशन के दूसरे दिन वैचारिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी जी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वैचारिक पृष्ठभूमि, राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका एवं संगठन की भावी दिशा पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रस्ताव सत्र में "ॐ" की ध्वनि के साथ प्रस्तावों को पारित किया गया। प्रान्त मंत्री द्वारा आगामी वर्ष में परिषद द्वारा चलाए जाने वाले नए कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### परोपकार करने वाले मृत्यु के बाद भी लोगों के दिलों में रहते हैं जीवितः राव इंद्रजीत सिंह

**नांगल चौधरी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मौरूंड गांव में समर्थक रहे रामजीलाल जेलदार को श्रद्धांजलि दी। उनकी जीवनी का उल्लेख करते हुए युवाओं को सामाजिक मर्यादाओं के अनुसरण का संदेश दिया। साथ ही बुजुर्गों की सेवा करने तथा उनके अनुभव को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। जिससे समाज में आपसी भाईचारा व प्राचीन संस्कृति विकसित हो सकेगी। इस दौरान नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रावत गौत्र के 12 गांवों का इतिहास गौरवशाली रहा है। गुर्जर बाहुल्य गांवों में भारतीय संस्कृति और सिद्यांतों का समावेश है। जिसके प्रभाव में ग्रामीणों में भाईचारे की मिशाल बनी हुई है। नश्वर संसार में जन्म लेने वाले इंसान की मृत्यु होना निश्चित है, लेकिन परोपकार व सद्कर्म करने वाले मृत्यु के उपरांत भी लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं। दिवंगत रामजीलाल की जीवनी सामाजिक दायित्वों से जुड़ी रही हैं।

## खबर संक्षेप

### यादव सभा का निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 1 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। कैंप मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मेडिसिन, हड्डी रोग, सर्जरी, चर्म रोग, नेत्र रोग व ईएनटी सहित फिजियोथेरेपी के लिए उपलब्ध रहेगी।

### विकास कार्यों को लेकर जिला परिषद की बैठक आज

रेवाड़ी। अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राहुल मोदी ने बताया कि 30 जनवरी को लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला परिषद के प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता में साधारण बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक जिला परिषद से संबंधित विकास कार्यो व अन्य मुद्दों को लेकर आयोजित की जाएगी। एडीसी ने सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए है।

### हरियाणा बजट के लिए 31 तक मांगे गए सुझाव

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के नागरिकों को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बजट के लिए नागरिकों की ओर से सुझाव देने के कई माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। नागरिक 7303350030 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर 31 जनवरी तक अपनी राय दर्ज करा सकते हैं।

### आवास योजना के आवेदकों के फ्लैट्स की बुकिंग शुरु

रेवाड़ी। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जिन आवेदकों ने फ्लैट के लिए पंजीकरण कराया था तथा भौतिक सत्यापन प्रक्रिया में पात्र पाए गए है, ऐसे आवेदकों की फ्लैटों के लिए बुकिंग 29 जनवरी से शुरू हो चुकी है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति 23 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत रेवाड़ी सहित गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत व रोहतक शहर में फ्लैट बुकिंग प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बुकिंग की राशि 10 हजार रुपए निर्धारित की गई है। डीसी ने कहा कि योजना का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास प्रदान करना है।

### याचिका दायर होने के बाद चुनावों पर रोक लगने की आशंका बनी हुई थी

# समय पर ही होंगे नप के चुनाव, हाई कोर्ट में दायर दोनों याचिकाएं खारिज

**वार्डबंदी को लेकर दायर की गई थी दो याचिकाएं, दोनों को निरस्त किए जाने के बाद चुनाव का रास्ता साफ**

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय परिसर। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद की वार्ड बंदी को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में दायर दोनों याचिकाओं को वीरवार को हुई सुनवाई के दौरान खारिज कर दिया गया। याचिका दायर होने के बाद चुनावों पर रोक लगने की आशंका बनी हुई थी, जो अब दूर हो चुकी है। अब चुनाव समय पर होने का रास्ता साफ हो गया है।

नगर परिषद की ओर से चुनावों की तैयारी देखते हुए नगर परिषद की ओर वार्ड बंदी कराई गई थी। शहर में इस बार एक वार्ड बढ़ाकर 32 वार्ड किए गए हैं। आरक्षण को लेकर गत 2 जनवरी को ड्रा हुए थे, जिसके बाद आरक्षित वार्डों का फैसला हो गया था। वार्ड बंदी के नोटिफिकेशन व आरक्षण को लेकर शहर के चार लोगों की ओर से 2 याचिकाएं हाई कोर्ट में दायर की गई थीं, जिनमें नई वार्ड बंदी को लेकर सवाल उठाए गए थे।

वार्ड बंदी पर रोक लगाकर नए सिरे से वार्ड बंदी कराने की याचिकाएं दायर की गई थीं। वीरवार को हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दोनों याचिकाओं को निरस्त कर दिया, जिससे याचिका दायर करने वालों को कोर्ट से निराशा का सामना करना पड़ा।

याचिका दायर होने के बाद इस बात का अंदेशा था कि कहीं कोर्ट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए वार्ड बंदी पर रोक लगाते हुए नए सिरे वार्ड बंदी के आदेश जारी नहीं कर दे। इस सूरत में नगर परिषद के चुनाव भी प्रभावित हो सकते थे। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान इन याचिकाओं को खारिज करने के बाद समय पर नगर परिषद के चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया है। इसी के साथ चुनावी सरगर्मियां भी जल्द जोर पकड़ना शुरू हो जाएंगी। फरवरी माह के पहले सप्ताह में चुनावी सरगर्मियां तेजी से आगे बढ़नी शुरू हो जाएंगी।

### पार्षद चुनाव के लिए भी दिग्गज तैयार

चेयरमैन का पद एससी महिला के लिए रिजर्व होने से सामान्य वर्ग उन लोगों को झटका लग चुका है, जिनकी नजरें चेयरमैनी पर लगी हुई थीं। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अब अपने-अपने वार्डों से भाग्य आजमाते हुए पार्षद के रास्ते वाइस चेयरमैन बनने की तैयारी में लग चुके हैं। इनमें कई केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के खास समर्थक भी शामिल हैं, जो चेयरमैनी की लाइन से हटकर वाइस चेयरमैन की लाइन में खड़ा होने की तैयारी में हैं।

### चेयरमैन से बड़ी होगी वाइस की जंग

नगर परिषद के चेयरमैन का चुनाव सीधे मतदान से होना है, जबकि जबकि वाइस चेयरमैन वार्डों से चुने हुए पार्षद बनाएंगे। अगर चुनाव में भाजपा इस बार भी ज्यादा पार्षद जिताने में कामयाब होती है, तो वाइस चेयरमैन के लिए जंग कम नहीं होगी। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने श्यामलाल चुघ को वाइस चेयरमैन बनवाया था। टिकट से लेकर वाइस चेयरमैन तक की बाजी एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के हाथों में ही हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

कोसली। राजकीय उच्च विद्यालय सुरेहली के छात्र-छात्राओं ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों एवं 17 विधाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया। विद्यालय मुखिया नरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र हनी सिंह व छात्रा वंशिका ने एआई रोल प्ले में खड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा वंशिका व सुहानी ने वेस्ट मैनेजमेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र देव कुमार ने रोबोटिक्स व अनुज ने एआई रोल प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय मुखिया, वरिष्ठ अध्यापक नरेश कुमार व विज्ञान अध्यापक यशवंत सिंह ने छात्रों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### युवा संसद में गूंजे महंगाई, आतंकवाद और एसआईआर सहित अनेक मुद्दे

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका में कमीशनरी लेवल युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशानुसार युवा संसद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में शामिल मोहम्मद रमजान वरिष्ठ प्रवक्ता डाइट नूंह ने पर्यवेक्षक, अमित काजल प्रवक्ता राजकीय विद्यालय तथा विनोद नापा प्रवक्ता राजकीय विद्यालय ने युवा संसद का अवलोकन किया और प्रतिभागियों को संसदीय प्रक्रिया की बारिकियां समझाई। विद्यार्थियों ने युवा संसद में महंगाई, आतंकवाद, एसआईआर तथा कृषि मुद्दों सहित राष्ट्र निर्माण से संबंधित अनेक मुद्दों को प्रस्तुत कर प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर डाइट हुसैनपुर से डा. सरोज यादव और डा. मंजू यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल प्राचार्य सतीश कुमार के मार्गदर्शन में किरण प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान व उत्तरा यादव प्रवक्ता इतिहास ने युवा संसद का आयोजन कराया। युवा संसद में छात्रा वर्षा, प्रीति, खुशी, महक व भारती ने सत्तापक्ष तथा छात्र, हर्ष, तरुण, भूमि, गगन, इच्छा व ज्योति ने विपक्ष की भूमिका निभाई।

# विद्यार्थियों से नशे से दूर व साइबर अपराधों से सतर्क रहने का आह्वान

- किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

पुलिस का नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल मोतला कलां व बेरली कलां में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं, इसलिए नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों से साइबर अपराधों से सतर्क रहने व यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। सभी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशा मुक्ति टीम ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की शपथ भी ली।

### हॉफ मैराथन एक को, युवा देंगे नशा मुक्ति का संदेश

कोसली। कोसली क्षेत्र के गांव गुजरवास स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल व पतंजलि योग परिवार की ओर से हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन 5 किलोमीटर, 8 किलोमीटर और 11 किलोमीटर की होगी। हॉफ मैंराथन कोसली के नाहड़ रोड़ रेलवे पुल के पास से शुरू होकर कनीना रोड से होते हुए गांव जुड्डी मार्ग से होते हुए कोसली कनीना रोड स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल में समाप्त होगी। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य के लिए जागृत करना और नशे की लत से दूर रखना है। इसके अतिरिक्त युवाओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने, स्वास्थ्य को लेकर सजग रहने और नशे जैसी प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए जागरूक करना है। मैराथन का शुभारंभ 1 फरवरी को प्रातः 9 बजे कोसली के विधायक अनिल यादव हरी झंडी दिखाकर करेंगे।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविर में नई सीवरेज लाइन डालने और गंदे पानी की समस्या पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्परता से समाधान करना हरियाणा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते प्राथमिकता से समाधान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में सुभाष नगर में नई सीवरेज लाइन डालने व नाली की सफाई कराने, वार्ड नंबर-31 के लक्ष्मी नगर व जसवंत नगर में सीवरेज ओवरफ्लो व गंदे पानी की समस्या, गांव सुलखा की गली में अवैध रूप से नाली बनाने तथा गांव देहलावास गुलाबपुरा में मकान मरम्मत की राशि दिलवाने की शिकायत रखी गई। डीसी मीणा ने शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इनके अलावा परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, बिजली व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि आमजन को समाधान शिविरों का पूरा लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निराकरण कराना चाहिए। इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में खंड नाहड़ स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, ड्रामा रोल प्ले, संपोषणीय कृषि, कचरा प्रबंधन, रोबोटिक, इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया। नाहड़ के खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक दिनेश कुमार व राकवमा विद्यालय कोसली के प्राचार्य व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अनूप सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बीईओ ने विद्यार्थियों के मॉडल, पोस्टर तथा रोल प्ले प्रतिभागियों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका विक्रम सिंह, महेंद्र सिंह, लता भारती, मनीषा, रेणु व रिचा आर्य ने निभाई।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर स्नेहा, रेखा, नीलम, कविता, सुमन,राजबाला, पुष्पा, सरिता, सुनीता लिपिक, अनीता, सुनील कुमार, भूपेंद्र, सोनू, लता, कृष्ण व नरेंद्र पीटीआई सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# छात्रों का प्रतिष्ठित होटलों में जॉब ट्रेनिंग के लिए चयन

- चेयरपर्सन अदिति शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के होटल पर्यटक एवं प्रबंधन विभाग के छात्रों का देश के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटलों एवं रिसॉर्ट्स में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के लिए चयन हुआ है। छात्र उज्ज्वल का चयन मैरियट होटल सूरत गुजरात, रोहित का चयन कोर्टयार्ड बाय मैरियट सूरत, तनुजा का चयन अनंता स्पा एंड रिसॉर्ट जयपुर, पूर्वांश का चयन लोहारगढ़ रिसॉर्ट जयपुर तथा प्रदीप का चयन शिव विलास रिसॉर्ट जयपुर में हुआ है। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विश्वविद्यालय की उद्योग-उन्मुख शिक्षा नीति को और अधिक सुदृढ़ बनाती हैं। विभाग की चेयरपर्सन प्रो. अदिति शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर डा. विक्रांत सहित विभाग के समस्त फैकल्टी सदस्यों ने इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी प्रशिक्षण प्रणाली और विद्यार्थियों की सतत मेहनत का सशक्त प्रमाण है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**चर्चा** आईजीपी कुलदीप सिंह ने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने में तैयार रहना आवश्यक

- कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते आईजीपी कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर कुलदीप सिंह ने वीरवार को रेवाड़ी का दौरा कर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लॉ एंड ऑर्डर के लिए विशेष रूप से गठित की गई पुलिस कंपनियों की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर कुलदीप सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक ली। इस मौके पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण व डीएसपी कोसली विद्यानंद सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर ने जिले की वर्तमान कानून-व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों, आपातकालीन परिस्थितियों, आगामी कार्यक्रमों एवं त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही करें।

आईजीपी ने पुलिस कंपनियों की तैनाती, रिस्पांस टाइम, पेट्रोलिंग व्यवस्था, जिले में लगे सभी सीसीटीवी, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली एवं आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन-सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर तैयार रहना आवश्यक है।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर कुलदीप सिंह को जिले में की जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं, पुलिस बल की तैनाती तथा अपराध नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

### पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात

एसपी हेमेंद्र मीणा ने बताया कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर की 2 कंपनियां तथा कमांडो की दो स्वैत टीम बनाई हुई है। इनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। प्रत्येक कंपनी में 107 के करीब जवान नियुक्त किए हुए हैं तथा शॉर्ट नोटिस पर कंपनियां ड्यूटी के लिए तुरंत पहुंचती है। इन कंपनियों का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी निर्धारित किया हुआ है तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनका प्रशिक्षण लगातार चल रहा है, जवानों को ट्रेनिंग के दौरान विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आईजीपी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है और पुलिस अधिकारी व जवान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सशक्त हैं।

### श्रद्धालुओं ने जया एकादशी पर भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी को पूजा

रेवाड़ी। श्रद्धालुओं ने वीरवार को व्रत रखकर जया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया। पुराणों में भी माघ माह की जया एकादशी का बड़ा महत्व बताया गया है। इस एकादशी को पुण्यदायी माना गया है। महिला श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत होकर जया एकादशी का व्रत रखा और पूरे विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी पूजा-अर्चना का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने अपनी सामर्थ्यनुसार जरूरतमंदों को दान भी दिया। भगवान विष्णु को अर्पित किए गए फल आदि भी जरूरतमंदों को वितरित किए गए। भगवान विष्णु के साथ लक्ष्मी का पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने जया एकादशी व्रत की कथा भी सुनी और सभी ने अपनी सामर्थ्यनुसार दान-पुण्य भी किया। एकादशी पर किया गया दान-पुण्य का लाभ श्रद्धालुओं को जरूर मिलता है।